# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे०सी०ई०सी०ई०बी०/11/20 – 95 ,राँची/दिनांकः 31/12/2020

**पोलिटेकनिक संस्थानों में नामांकन हेतु ऑनलाईन विशेष साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना**

राज्य के पोलिटेकनिक संस्थानों के प्रथम, द्वितीय एवं अंतिम चक्र के ऑनलाईन साक्षात्कारों से अनुशंसित अभ्यर्थियों के नामांकन के उपरान्त रिक्त बचे सीटों पर नामांकन की अनुशंसा हेतु दिनांक–01.01.2021 से पर्षद द्वारा ऑनलाईन विशेष साक्षात्कार आयोजित की जा रही है।

शैक्षणिक वर्ष 2020–21 (प्रथम् सेमेस्टर/प्रथम् वर्ष) में राज्य पोलिटेकनिक संस्थानों में सीट आवंटन/पुनःआंवटन का यह अंतिम अवसर है जिसमें निम्नलिखित अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं।

1. वैसे नामंकन के लिये इच्छुक अभ्यर्थी जो अबतक किसी कारणवश पोलिटेकनिक में नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन नहीं कर सके हैं, वे दिनांक 01.01.2021 से 03.01.2021 तक पर्षद के अधिकृत वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर "Click Here for All Online Application Submission-JCECEB 2020" पर Click कर, दिये गये दिशानिर्देशों का पालन करते हुए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने का यह अंतिम मौका है। आवेदन करने के पूर्व पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2020 की मार्ग–निर्देशिका को अवश्य पढ़ लें।

2. वैसे अभ्यर्थी जो निर्धारित तिथि तक अपना $10^{th}$/समकक्ष परीक्षा का प्राप्तांक प्रतिशत दर्ज नहीं किये हैं तथा पर्षद द्वारा अयोग्य घोषित कर दिये गये हैं, वे दिनांक–04.01.2021 से दिनांक 05.01.2021 तक लॉगईन (Login) कर अपना प्राप्तांक प्रतिशत दर्ज कर अपना अंक पत्र अपलोड कर दें।

3. वैसे अभ्यर्थी जो $10^{th}$/समकक्ष परीक्षा का प्राप्तांक प्रतिशत गलत दर्ज किये थे तथा नामांकन के समय आवंटन पत्र में दर्ज प्राप्तांक प्रतिशत तथा $10^{th}$/समकक्ष परीक्षा के अंक पत्र के प्राप्तांक प्रतिशत में विसंगति पाये जाने के कारण नामांकन से वंचित रह गये हैं, वे दिनांक–04.01.2021 से दिनांक 05.01.2021 तक लॉगईन (Login) कर अपने $10^{th}$/समकक्ष परीक्षा का प्राप्तांक प्रतिशत को सुधार कर लें। किसी संशय की स्थिति में पर्षद कार्यालय से दूरभाष संख्या 9264473893 पर सम्पर्क करें।

4. वैसे अभ्यर्थी जो आवेदन के समय अपने आरक्षण की कोटि (EWS, BC-I, BC-II, SC, ST)/कोटा (SMQ, Divyang, MCQ) गलत दर्ज करने के कारण नामांकन से वंचित रह गये वे दिनांक–04.01.2021 से दिनांक 05.01.2021 तक सुधार कर लें। अभ्यर्थी उसी कोटि/कोटा के सीटों का दावा करें जिसका प्रमाण पत्र उनके पास उपलब्ध है।

5. वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम, द्वितीय एवं अंतिम चक्र साक्षात्कार में शामिल नहीं हुए या जिन्हें इन साक्षात्कारों में सीट आवंटन नहीं हुआ या सीट आवंटन होने के उपरान्त भी नामांकन नहीं ले सके हैं।

6. वैसे अभ्यर्थी जो प्रथम, द्वितीय एवं अंतिम चक्र साक्षात्कार से नामांकित हैं तथा रिक्त बचे सीटों पर शाखा/संस्थान परिवर्त्तन कराना चाहते हैं वे भी इस साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। यदि विशेष साक्षात्कार में उन्हें सीट आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित संस्थान/शाखा में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनके पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।

**अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान/संस्थानों तथा शाखा/शाखाओं को अपनी प्राथमिकता के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Online Counselling for Admission in Polytechnic-2020" Link में Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरा जाना है।**

7. **अभ्यर्थियों को संस्थान/संस्थानों तथा शाखा/शाखाओं का अपने प्राथमिकता क्रम के अनुसार विकल्पों का चयन करना है। विकल्पों को चयन करने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों का चयन करें।**

8. **आवेदन शुल्क (नये आवेदकों के लिये) :–**

| क्रम सं0 | कोटि | दर |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य (EWS (Economically Weaker Section) सहित)/पिछड़ी जाति – I/पिछड़ी जाति – II | ₹ 650/–* |
| 2. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/सभी कोटि की महिला | ₹ 325/–* |
| 3. | दिव्यांगजनों को परीक्षा/आवेदन शुल्क देय नहीं | ____ |
| * :- परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा। परीक्षा शुल्क पर देय बैंक चार्ज का भी भुगतान अभ्यर्थियों को करना होगा। | | |

9. **साक्षात्कार शुल्कः–** अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

| Sl.No. | Category | Counselling Fee |
|---|---|---|
| 1. | General/EWS/BC-I/BC-II | Rs. 400.00 |
| 2. | SC/ST/Female Candidate of all categories | Rs. 250.00 |

10. **सीट आवंटन हेतु आंशिक नामांकन शुल्क की राशि :–** अभ्यर्थियों को औपबंधिक सीट आवंटन पत्र अधःभारित (Download) करने हेतु आंशिक नामांकन शुल्क रू0 1,000/– की राशि उपरोक्त कंडिका–5 में वर्णित तरीका के ही अनुसार जमा करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में नामांकन लेते हैं तथा अध्ययन जारी रखते हैं तो आंशिक नामांकन शुल्क की राशि शिक्षण शुल्क में समायोजन हेतु संबंधित संस्थान को उपलब्ध करा दी जायेगी अन्यथा आंशिक नामांकन शुल्क की राशि पर्षद द्वारा जब्त (Seize) कर ली जायेगी। प्रथम, द्वितीय एवं अंतिम चक्र साक्षात्कारों से नामांकित अभ्यर्थियों को आंशिक नामांकन की राशि देय नहीं होगी। विशेष साक्षात्कार हेतु आवेदन/सुधार/सीट आवंटन/सीट पुनःआंवटन/नामांकन का कार्यक्रम निम्नवत हैः–

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Online Application filling (For New Candidates) | 01.01.2021 to 03.01.2021 |
| 2. | Edit/Marks Percentage filling and Uploading of Marks Sheet for all Candidates | 04.01.2021 to 05.01.2021 |
| 3. | Publication of Provisional Merit List | 06.01.2021 |
| 4. | Objections on Provisional Merit List (In case of any discrepancy/anomaly in Candidate's Merit Rank, the applicant must inform the Board for correction with supporting document(s) on the e-mail id-jceceboard@gmail.com) | 07.01.2021 up to 05.00 pm |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | Publication of Final Merit List | 08.01.2021 |

**Time-Schedule for Special Round of Online Counseling**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Online Registration and Choice Filling for seat Allotment | 09.01.2021 to 10.01.2021 up to 05.00 pm |
| 2. | Issue of Allotment Letter | 12/01/2021 to 15/01/2021 |
| 3. | Documents Verification and Admission in the Concerned Institute | 12/01/2021 to 15/01/2021 |

11. निःशक्तजनों की प्रवर्ग–वार आरक्षित सीटों के विरूद्ध निःशक्त अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में अन्य प्रवर्ग के निःशक्तों को नियमानुसार सीटें आवंटित की जायेगी। इसके उपरान्त भी सीटें रिक्त रह जाती है तो उसे संबंधित कोटियों में सामंजित कर दी जायेगी।

विज्ञापन संख्या–जे0सी0ई0सी0ई0बी0/11/20–26 दिनांक–29.05.2020 में निहित शेष नियम एवं शर्तें यथावत् रहेंगी एवं विज्ञापन संख्या–जे0सी0ई0सी0ई0बी0/11/20–87 दिनांक–19.12.2020 को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

31/12/2020

(रंजीता हेम्ब्रम, झा.प्र.से.)